# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना बांसी पुलिस द्वारा अपहरण का एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 136/2025 धारा 87 बीएनएस व 9m/10 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वाछिंत अभियुक्त को सूपाराजा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-**

01.मोहम्मद निसार उर्फ डब्बू पुत्र गौस मोहम्मद निवासी कोडरी खास थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 विनय पासवान थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 अंगद प्रसाद थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 रवीन्द्र यादव थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

## ◆जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना इटवा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर सुनी गयी जनता की फरियाद।

**जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर डॉ. राजा गणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को थाना इटवा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान पुलिस व राजस्व के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें। इसी क्रम में जनपद के थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर आमजन की फरियाद सुनी गयी।**

## प्रेस नोट दिनांक 14-06-2025 सिद्धार्थनगर

◆**निरमली देवी के खाते से फ्राड हुए धनराशि रूपये ₹40,000/- को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस |**

**डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी अपराध अरुणकान्त सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व साइबर क्राइम टीम द्वारा शिकायतकर्ता निरमली देवी ग्राम खड़कुईयाँ थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि ₹40,000/- को कार्यवाही करते हुए उनके खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹40,000/- वापस कराये गए।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

**आवेदिका निरमली देवी ग्राम खड़कुईयाँ थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से आधार कार्ड (AEPS) के माध्यम से फ्राड कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ₹40,000/- निकाल लिया गया था। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया है l उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी तथा दी गई शिकायत के आधार पर साइबर सेल सिद्धार्थनगर द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 14/06/2025 को निरमली देवी के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹40,000/- वापस कराया गया। साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए उनके द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।**

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-**

**01- प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02- मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार द्विवेदी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03- आरक्षी आशुतोष जायसवाल, रामप्रवेश यादव, राहुल मौर्या, विशाल तिवारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर l**

**04- महिला आरक्षी प्रियंका, पूजा यादव साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थानाक्षेत्र इटवा में निर्माणाधीन पुलिस पिंक बूथ का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

**आज दिनांक 14.06.2025 को डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थानाक्षेत्र इटवा में निर्माणाधीन पुलिस पिंक बूथ का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, और समयबद्धता का जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि पुलिस पिंक बूथ का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हो, जिसमें सुरक्षा, स्वच्छता, और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, और संचार उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गयी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधा को तत्काल दूर करने के लिए कहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक इटवा व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज-5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना पथरा बाजार की महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पथरा बाजार में महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज-05 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 14.06.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाना पथरा बाजार पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पथरा बाजार की महिलाओ को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के प्रति, महिला सुरक्षा तथा साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।**

# प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कोतवाली लोटन द्वारा हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित बाल अपचारी को 24 घण्टे के अन्दर पुलिस हिरासत में लेकर में अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन एवं दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष लोटन के नेतृत्व में थाना लोटन पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2025, धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)-2023 से सम्बन्धित 01 बाल अपचारी को घोघी नदी पुल के पास से पुलिस हिरासत में लेकर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।**

**बरामदगी---**

**01. एक अदद चाकू(घटना में प्रयुक्त)**

**पुलिस हिरासत में लेने वाली टीम का विवरण--**

**01.उ0नि0 दिनेश चंद्र मिश्रा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.मुख्य आरक्षी धीरज पांडे थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.आरक्षी आनंद निषाद, कांस्टेबल अनिल यादव थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आरक्षी भर्ती-2023 के अंतर्गत जनपद सिद्धार्थनगर से चयनित कुल-77 अभ्यर्थियों को 15-06-2025 को लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में लखनऊ रवाना किये जाने से पूर्व पुलिस लाइन सभागर कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्रीफिंग कर चयनित अभ्यर्थियों एवं ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

**आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत जनपद अमरोहा से चयनित  कुल 77 अभ्यर्थियो को दिनांक 15.06.2025 को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में  मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।**

**इस आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु दिनांक 14.06.2025 को पुलिस लाइन, सिद्धार्थनगर में चयनित अभ्यार्थियों को लखनऊ रवाना करने से पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में चयनित अभ्यर्थियों, ड्यूटी पर नामित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य सहयोगी स्टाफ को यात्रा व्यवस्था, सुरक्षा, अनुशासन तथा समयबद्ध संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन में एक नए दायित्व और कर्तव्यबोध की शुरुआत है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेंगे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे।**

**प्रेस नोट- दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**◆आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 14.06.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने तथा अफवाहो से बचने की अपील की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना त्रिलोकपुर द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व बृजेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन एवं विपिन प्रकाश सिंह थानाध्यक्ष थाना त्रिलोकपुर के नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुरल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 89/2025 धारा 108 BNS में वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र नन्दलाल साकिन रमवापुर राउत थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को उ0नि0 अजय नाथ कन्नौजिया मय हमराह टीम द्वारा आज दिनांक 14.06.2025 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**अभियुक्त का विवरण---**

**01.अमित कुमार पुत्र नंदलाल साकिन रमवापुर राउत थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 अजय नाथ कन्नौजिया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.आरक्षी अर्जुन यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 14.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आरक्षी भर्ती-2023 के अंतर्गत जनपद सिद्धार्थनगर से चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में लखनऊ रवाना किये जाने से पूर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में पुलिस अधीक्षक द्वारा भोज का आयोजन कर चयनित अभ्यर्थियों के साथ भोजन ग्रहण किया गया एवं शुभकामनाएं दी गयी।**

**आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियो को दिनांक 15.06.2025 को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।**

**इस आयोजन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु दिनांक 14.06.2025 को पुलिस लाइन, सिद्धार्थनगर में चयनित अभ्यार्थियों को लखनऊ रवाना करने से पूर्व डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थगर में भोज का आयोजन कर चयनित अभ्यर्थियों के साथ भोजन ग्रहण किया गया एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन में एक नए दायित्व और कर्तव्यबोध की शुरुआत है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे पुलिस सेवा में ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करेंगे तथा उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को और ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। अभ्यर्थियों द्वारा पुलिस को तहे दिल से धन्यवाद दिया गया। इस दौरान प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, अरुणकांत सिंह क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।**